सं: 1:05:138:II:सी

दिनांक: 8 सितंबर, 2021

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,** **बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051**	**बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,** **कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,** **पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001**

विषय: श्री तन्मय कुमार, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय के स्थान पर पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (सरकारी नामिती) के रूप में विद्युत मंत्रालय द्वारा श्री विशाल कपूर, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय की नियुक्ति।

महोदया/महोदय,

सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुरूप, हम एतदद्वारा श्री तन्मय कुमार, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय के स्थान पर पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (सरकारी नामिती) के रूप में विद्युत मंत्रालय द्वारा श्री विशाल कपूर, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय की नियुक्ति को रिपोर्ट करते हैं:

क) <u>विद्युत मंत्रालय द्वारा नियुक्ति - श्री विशाल कपूर, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय</u>

परिवर्तन का कारण	विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 7 सितंबर, 2021 के आदेश सं. 8/1/2007-पीएफसी डेस्क के अनुक्रम में, सूचित किया गया है कि कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुक्रम में, माननीय राष्ट्रपति श्री तन्मय कुमार, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय जिन्हें विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 4 नवंबर, 2020 के आदेश के माध्यम से पीएफसी के बोर्ड में पूर्व में नामित किया गया था, के स्थान पर पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (सरकारी नामिती) के रूप में श्री विशाल कपूर, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय को सहर्ष नियुक्त करते हैं।
विद्युत मंत्रालय द्वारा नियुक्ति की तारीख	7 सितंबर, 2021
संक्षिप्त प्रोफाइल	ये विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव (वितरण) के रूप में कार्यरत हैं। इन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है और इंस्टीट्यूशन ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स, यूके के प्रैक्टिसिंग फेलो हैं। इन्होंने ली कुआन यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर से लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री भी प्राप्त की है, और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से लोक नीति में उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम में भी भाग लिया है। अपने पिछले कार्यों में, इनके पास भारतीय रेलवे संबंधी व्यापक और विविध आयामी अनुभव है, विशेष रूप से रेलवे ट्रैक्शन के क्षेत्र में, साथ ही फ्रेट कारों में, जिसमें परिचालन एवं अनुरक्षण और डिजाइन दोनों शामिल हैं। विद्युत मंत्रालय में अपने कार्यों में, इन्होंने विद्युत मंत्रालय के वितरण प्रभाग में कार्य किया है और एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस), राष्ट्रीय विद्युत कोष, उज्ज्वल डिस्कॉम

	आश्वासन योजना (उदय) और साथ ही लिक्विडिटी इंफ्यूजन योजना (एलआईएस) के आत्मनिर्भर भारत एवं संघ राज्य क्षेत्रों में वितरण कार्यों के निजीकरण संबंधी कार्यों का समन्वय किया है। ये वर्तमान में विद्युत मंत्रालय में वितरण क्षेत्र, राजभाषा, सोशल मीडिया से संबंधित कार्यों के लिए भारत सरकार के संयुक्त सचिव हैं। इन्होंने संशोधित वितरण योजना तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो वितरण संस्थाओं के परिचालन और वित्तीय परिवर्तन के लिए एक सुधार-आधारित परिणाम-संबद्ध योजना है। अपने विशाल क्षेत्र में अनुभव के साथ और बड़ी जनशक्ति की तैनाती का प्रबंधन करते हुए, ये विद्युत वितरण क्षेत्र में सुधार लाने हेतु भारत सरकार की नीतिगत प्रतिक्रियाओं में योगदान करने के लिए अपनी पेशेवर सह नीतिगत पृष्ठभूमि का लाभ उठा रहे हैं।
निदेशकगण के साथ संबंध	शून्य

इसके अतिरिक्त, पुनः सूचित किया जाता है कि श्री विशाल कपूर द्वारा दी गई घोषणा के अनुसार, उन्हें सेबी के किसी आदेश या ऐसे किसी अन्य प्राधिकरण के आधार पर निदेशक के पद पर रहने से वंचित नहीं किया गया है।

ख) निदेशक (सरकारी नामिती) के रूप में श्री तन्मय कुमार, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय का कार्यकाल समापन

परिवर्तन का कारण	विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 7 सितंबर, 2021 के आदेश सं. 8/1/2007-पीएफसी डेस्क के अनुक्रम में, सूचित किया गया है कि कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुक्रम में, माननीय राष्ट्रपति श्री तन्मय कुमार, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय जिन्हें विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 4 नवंबर, 2020 के आदेश के माध्यम से पीएफसी के बोर्ड में पूर्व में नामित किया गया था, के स्थान पर पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (सरकारी नामिती) के रूप में श्री विशाल कपूर, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय को सहर्ष नियुक्त करते हैं।
कार्यकाल समापन की तारीख	6 सितंबर, 2021

आपकी सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
सीजीएम एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com